15वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025

स्रोत: पी.आई.बी.

15वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 को मनाया जाएगा, जो भारत निर्वाचन आयोग के 75 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का महत्त्व: 25 जनवरी 1950 को भारत के गणतंत्र बनने से एक दिन पहले ECI की स्थापना की स्मृति में वर्ष 2011 से यह दिवस प्रतिवर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है।
इसका उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देना, भागीदारी को प्रेरित करना एवं नवीन मतदाताओं को सम्मानित करना है।
2025 की थीम: इस वर्ष की थीम "वोटिंग जैसा कुछ नहीं, वोट ज़रूर डालेंगे हम", चुनावी प्रक्रिया में
भागीदारी के महत्त्व पर बल देने के साथ मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में गर्व महसूस करने हेतु प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। मतदाता आधार: भारत का मतदाता आधार 100 करोड़ के आँकड़ेके करीब पहुँच गया है, जिसमें99.1 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें21.7 करोड़ युवा मतदाता (18-29 आयु वर्ग) शामिल हैं और बेहतर चुनावी लिंगानुपात (वर्ष 2024 में 948 से वर्ष 2025 में 954 तक) है।
15 वें NVD के मुख्य आकर्षण: भारत के राष्ट्रपति सर्वश्रेष्ठ चुनावी कार्यप्रणाली पुरस्कार प्रदान करेंगे।
सर्वोत्तम निर्वाचन कार्य पद्धति पुरस्कार चुनाव प्रबंधन में उत्कृष्टता को मान्यता देता है, जिसमेंज़िला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और असाधारण प्रदर्शन करने वाले राज्यों को पुरस्कार दिया जाता है।
ECI कॉफी टेबल बुक "इंडिया वोट्स 2024: ए सागा ऑफ डेमोक्रेसी" और प्रकाशन "बिलीफ इन
द बैलट: ह्यूमन स्टोरीज शेपिंग इंडियाज 2024 इलेक्शन्स" राष्ट्रपति को भेंट किया
जाएगा।

//



और पढ़ें: [भारत के चुनावी लोकतंत्र का सुदृढ़ीकरण]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/15th-national-voters-day-2025